भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2229
13 दिसम्बर, 2024 को उत्तर के लिए

भारत में घटिया इस्पात का पाटन

2229. श्री जग्गेश:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों के बावजूद, इस्पात मंत्रालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के आधार पर कई ग्रेड के इस्पात के आयात की अनुमति दी गई है;

(ख) क्या कड़ी गुणवत्ता जांच से आयात की अधिकता को रोका जा सकता है क्योंकि अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा लगाए गए भारी शुल्कों से भारत में घटिया इस्पात के पाटन का जोखिम बढ़ गया है;

(ग) क्या सरकार मुख्य रूप से चीन से बड़े पैमाने पर हो रहे घटिया इस्पात के पाटन को रोकने के लिए अपने कड़े गुणवत्ता मानदंडों के दायरे का विस्तार करने का विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कड़े मानदंडों को कितनी जल्दी लागू किया जाएगा?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री एच.डी. कुमारास्वामी)**

(क) और (ख): अंतिम उपयोगकर्ताओं को गुणवत्तापूर्ण इस्पात की खपत हेतु समर्थ बनाने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने इस्पात के विभिन्न ग्रेड के लिए मानक तैयार किया है। तदनुसार, इस्पात मंत्रालय ने इस्पात गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) जारी किया है जो अधिदेशित करता है कि क्यूसीओ के तहत अधिसूचित प्रासंगिक बीआईएस मानक के अनुरूप केवल गुणवत्तापूर्ण इस्पात के प्रयोग की अनुमति है और घटिया इस्पात उत्पादों की अनुमति नहीं है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अंतिम उपयोगकर्ताओं और बड़े पैमाने पर आम जनता को केवल गुणवत्तापूर्ण इस्पात ही उपलब्ध कराया गया है। क्यूसीओ घरेलू इस्पात उत्पादकों के साथ-साथ देश में आयातित इस्पात दोनों पर लागू होता है। क्यूसीओ का उद्देश्य अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए गुणवत्तापूर्ण इस्पात की उपलब्धता सुनिश्चित करना है, न कि इस्पात आयात को नियंत्रित करना। हालांकि, कुछ इस्पात ग्रेड जो बीआईएस मानकों के अंतर्गत नहीं आते हैं, इस्पात मंत्रालय के अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) के साथ उनका आयात किया जा सकता है।

(ग) और (घ): इस्पात की गुणवत्ता संबंधी मानक हितधारकों से परामर्श करने के बाद बीआईएस द्वारा बनाए जाते हैं। इस्पात मंत्रालय बीआईएस मानकों को लागू करने के लिए क्यूसीओ जारी करता है। यह एक सतत प्रक्रिया है और अब तक इस्पात मंत्रालय द्वारा 151 क्यूसीओ जारी किए जा चुके हैं।

******